मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक–मु0अ0(नि0एवं गु0नि0)–04–02/2026-181 /पटना, दिनांक–09/01/2025

प्रेषक,

प्रशाखा पदाधिकारी,
मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय

सेवा में,

नोडल पदाधिकारी (विधानमंडलीय कार्य)
मुख्य अभियंता–1, पटना/ मुख्य अभियंता–2, गया/
मुख्य अभियंता–3, भागलपुर/मुख्य अभियंता–4, पूर्णियॉ/
मुख्य अभियंता–5, मुजफ्फरपुर एवं मुख्य अभियंता–6, दरभंगा का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार।

विषयः बिहार विधान सभा/बिहार विधान परिषद् से संबंधित संचिकाओं को वापस करने के संबंध में।

प्रसंगः विभागीय ज्ञापांक– 10/अ0प्र0–08–09/25 –12616 दिनांक 17.12.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विधान सभा में लंबित आश्वासनों तथा बिहार विधान परिषद में लंबित आश्वासन, निवेदन, याचिका, शून्यकाल प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन प्रारूप तैयार करने हेतु विभाग एवं मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, पटना कार्यालय द्वारा सैंकड़ों संचिकाये तत्कालीन मुख्य अभियंता–1, 2, 3 पटना कार्यालय सम्प्रति मुख्य अभियंता–1, पटना, मुख्य अभियंता–2, गया, मुख्य अभियंता–3, भागलपुर, मुख्य अभियंता–4, पूर्णियॉ, मुख्य अभियंता–5, मुजफ्फरपुर एवं मुख्य अभियंता–6, दरभंगा कार्यालय को पृष्टांकित की गयी है। इन संचिकाओं में से मई 2022 के पूर्व पृष्टांकित विश्वेश्वरैया भवन के पंचम तल पर भीषण आगजनी में जलकर नष्ट हो गयी है। उक्त संचिकाओं को अबतक Recast कर अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन/ उत्तर प्रतिवेदन प्रारूप के साथ वापस नहीं किया गया है।

आगजनी के बाद वर्ष 2023, 2024, 2025 में प्रेषित कई संचिका वांछित अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन/उत्तर प्रतिवेदन प्रारूप के साथ वापस नहीं किया गया है, जिसके कारण विधान सभा एवं विधान परिषद में लंबित आश्वासन का विलोपन नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार विधान परिषद के निवेदन, याचिका एवं शून्यकाल प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन परिषद सचिवालय को अबतक भेजा नहीं जा सका है।

विगत कुछ दिनों में विभिन्न कार्य प्रमण्डलों यथा पूर्णियॉ, शिवहर, सासाराम–1, सासाराम–2, टिकारी, पटना द्वारा ईमेल के माध्यम से वर्षो पुराने एवं लंबित कई आश्वासनों का उत्तर प्रतिवेदन मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, पटना कार्यालय को भी उपलब्ध कराया गया है। आश्वासन से संबंधित मूल संचिका क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय से अप्राप्त रहने के साथ इन आश्वासनों के विलोपन हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने/उत्तर प्रतिवेदन प्रारूप तैयार कराने में असुविधा हो रही है।

दिनांक 06.01.2025 एवं 07.01.2025 को अधिवेशन भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में सचिव महोदय द्वारा विधान सभा/विधान परिषद् में लंबित आश्वासनों का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन तैयार कर सभा सचिवालय/परिषद सचिवालय को प्राथमिकता के आधार पर समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया है।

यह भी निदेश दिया गया है कि आश्वासनों का उत्तर प्रतिवेदन स्पष्ट, तथ्यगत एवं साक्ष्य समर्थित हों। उत्तर प्रतिवेदन में योजना शीर्ष, एकरारनामा अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि, कार्य समाप्ति की तिथि, कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि, उक्त पथ, पुल–पुलिया की अद्यतन स्थिति का उल्लेख हो तथा कार्य पूर्ण होने की स्थिति में Completion certificate, Photograph एवं MIS Report उत्तर प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से संलग्न हो।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विधान सभा के आश्वासन तथा विधान परिषद के आश्वासन, निवेदन, याचिका, शून्यकाल प्रश्न से संबंधित मुख्य अभियंता कार्यालय को पूर्व में पृष्टांकित की गयी सभी संचिकाओं को 07 (सात) दिनों के अंदर अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन (साक्ष्य सहित)/उत्तर प्रतिवेदन प्रारूप (Hard & Soft copy) के साथ मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण, पटना कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय तथा वैसी संचिकाओं जो मई, 2022 की आगजनी में जलकर नष्ट हो गयी है, उन संचिकाओं को Recast करने की कार्रवाई की जाय। Recast करने में असुविधा होने की स्थिति में उन संचिकाओं की सूची विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि विभाग द्वारा उन आश्वासन से संबंधित मूल प्रश्न, आश्वासन की प्रति सभा सचिवालय/परिषद् सचिवालय से प्राप्त कर संचिकाओं को Recast करने की कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

09/01/2026

(संजीव रंजन)
प्रशाखा पदाधिकारी

ज्ञापांक– मु0अ0(नि0एवं गु0नि0)–04–02/2026 - 181 /पटना, दिनांक–09/01/26

प्रतिलिपिः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी नोडल पदाधिकारी/सहायक आई0टी0 मैनेजर, मुख्य अभियंता निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Email

09/01/2026

प्रशाखा पदाधिकारी

ज्ञापांक– मु0अ0(नि0एवं गु0नि0)–04–02/2026 - 181 /पटना, दिनांक–09/01/2026

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक (विधानमंडलीय कार्य), पटना/उप सचिव (विधानमंडलीय कार्य)/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/01/2026

प्रशाखा पदाधिकारी